फोन–2286710
2286709
राज्य नगरीय विकास अभिकरण
नव चेतना केन्द्र,10 अशोक मार्ग,लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org
e-mail:-pmusuda@gmail.com

पत्रांक– 2782 / 241 / एनयूएलएम / तीन / 2014(SUSV TRG.)   दिनांक– 17/11/14

कार्यालय–ज्ञाप

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को सहायता की योजना (एस0यू0एस0वी0) का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को उनके कार्य के लिए उपयुक्त स्थलों, संस्थागत ऋण, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने हेतु शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कर उन्हें पहचान पत्र जारी करना, शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करना, शहर में वेंडिंग जोन हेतु अवस्थापना विकास, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, वित्तीय सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

प्रदेश में शहरी पथ विक्रेताओं के प्रशिक्षण देने एवं उनके क्षमता संवर्द्धन हेतु क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (आर.सी.यू.ई.एस.) लखनऊ द्वारा पत्र संख्या– यूआरसी / 308 / 24 / 2014–15, दिनांक 20.10.2014 के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के साथ संलग्न पत्र के अनुसार क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ में रिसोर्स परसन्स् के माध्यम से शहरी पथ विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु रिसोर्स सेन्टर नामित किये जाने का अनुरोध किया है।

अतः सम्यक विचारोपरान्त राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी पथ विकेताओं को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण देने एवं उनके क्षमता संवर्द्धन हेतु क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ को रिसोर्स सेन्टर नामित किया जाता है।

(श्रीप्रकाश सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. सचिव, नगर विकास, उ0प्र0 शासन।
2. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
4. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।
5. अपर निदेशक, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (आर.सी.यू.ई.एस.) लखनऊ द्वारा पत्र संख्या– यूआरसी / 308 / 24 / 2014–15, दिनांक 20.10.2014 के कम में।
6. समस्त सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, एन0यू0एल0एम0 शहर, उ0प्र0।
7. समस्त परियोजना अधिकारी / सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
8. श्री योगेश आदित्य, सहा0परि0अधि0 / वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

14/11/2014

(श्रीप्रकाश सिंह)
मिशन निदेशक